प्रादेशिक समाचार
04.09.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने राज्य सरकार को युवाओं और उद्योगों के अनुकूल नीतियां बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एससी–एसटी और ओबीसी का आरक्षण एक संवैधानिक अधिकार है। श्री अठावले ने कहा कि मोदी सरकार ने सवर्णों को भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण देकर हर वर्ग को न्याय दिया है।

*********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट में एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को सीईओ बनाने और महिला सदस्य को शामिल करने का स्वागत किया है। उन्होंने विपक्ष द्वारा इस नियुक्ति पर सवाल उठाने को दिशाहीन बताया। कोडरमा में उन्होंने जेपीएससी और सीजीएल परीक्षा धांधली की सीबीआई जांच की मांग की और छात्रों पर दर्ज केस वापस लेने पर जोर दिया।

*********************

प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र के खनन बिल के विरोध में आंदोलन का एलान किया है। लोहरदगा में पार्टी के प्रदेश महासचिव आलोक दुबे ने केंद्र पर राज्यों के खनिज अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सात सितंबर को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा और मांगें न मानने पर राज्य में आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

*********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इसरो द्वारा जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में भारत के पहले उन्नत इमेजिंग उपग्रह ईओएस–05 के सफल प्रक्षेपण पर वैज्ञानिकों को बधाई दी है। नेताओं ने इसे अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की एक और गौरवपूर्ण छलांग बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में इसरो और भारतीय उद्योग का यह सहयोग आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करता है।

*********************

राज्य में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची के मदन मोहन मंदिर और राधाकृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में विशेष मंगल आरती और भजन–कीर्तन का दौर जारी है। रांची के कांके स्थित इस्कॉन मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर खास तैयारी की गयी है।

*********************

उधर, पाकुड़ जिले में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार अत्यंत धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर, राजापाड़ा के मदन मोहन मंदिर और तांती पाड़ा के राधाकृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना, मंगल आरती और भजन–कीर्तन का दौर जारी है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण को प्रेम, करुणा, सत्य और कर्मयोग का महान प्रतीक बताया। उन्होंने कामना की कि भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श सभी को कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दें।

*********************

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सिमडेगा के अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 21वीं मेजर ध्यानचंद जिला हॉकी चौंपियनशिप जारी है। महिला वर्ग के लीग राउंड के सभी 32 मैच पूरे होने के बाद 8 टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इनमें सीओई सिमडेगा और संत जेवियर बरवाडीह जैसी टीमें शामिल हैं। वहीं पुरुष वर्ग में अब तक 21 मुकाबले खेले जा चुके हैं।

********समाप्त*********